प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

<u>सर्वदलीय शिष्टमंडल</u>

आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के प्रति भारत का संकल्प व्यक्त करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय संसदीय शिष्टमंडल विदेशों में उच्च स्तरीय वार्ता कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले शिष्टमंडल ने आज कोलम्बिया में उप–विदेश मंत्री रोजा योलांदा विलाविसेंसियो और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में शशि थरूर ने बताया कि उन्होंने हाल की घटनाओं पर भारत के विचारों से उन्हें अवगत कराया है और पाकिस्तान को हार्दिक संवेदना देने वाले कोलम्बिया के बयान पर नाराज़गी ज़ाहिर की है। उन्होंने यह भी बताया कि कोलम्बिया के मंत्रियों ने आश्वासन दिया था कि यह बयान वापस ले लिया गया है और अब भारत की स्थिति उन्हें सही तरीके से समझ में आ गई है, जिसका वे भरपूर समर्थन करते हैं। शशि थरूर ने कहा कि भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य होने के नाते उससे जुड़े मूल्यों से पूरी तरह सहमत है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के विचार से विकासशील देशों की प्रगति बहुत महत्वपूर्ण है।

<u>मंत्रिमंडल बैठक</u>

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में राज्य के कर्मचारियों से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए पर भी निर्णय हो सकता है। साथ ही विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के अलावा मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भी मुहर लगने की संभावना है।

<u>रणधीर शर्मा</u>

भाजपा प्रवक्ता और विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर राज्य ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता दिवंगत विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में राज्य सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। बिलासपुर में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि जब से विमल नेगी लापता हुए, तब से ही राज्य सरकार की कार्य प्रणाली शक के दायरे में रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि यदि सरकार इस मामले की निष्पक्षता से जांच कराना चाहती है तो साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न कर सीबीआई को पूरा सहयोग करें।

....

<u>सरकार–तेल</u>

केंद्र सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की। इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। भारत ने 2023–24 के दौरान एक सौ 59 दशमलव छह लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया। रिफाइंड ऑयल पर सीमा शुल्क साढे 32 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है। भारत मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल आयात करता है।

....

<u>डस्टबिन</u>

राज्य सरकार ने प्रदेश में सभी व्यवसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य किया है। इसे लेकर अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। सोलन में आज मोटर वाहन निरीक्षक जतिन मेहता ने गाड़ियों की पासिंग के दौरान वाहन चालकों से गाड़ियों में डस्टबिन रखने को कहा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आदेश पर सभी व्यवसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना ज़रूरी है, अन्यथा चालान काटा जाएगा।

....